# SPORTS
# 2018-19







डा. रामानन्द धादु मानेकर बास्केटबाल टीम




राज्य स्तरीय बॉस्केटबॉल महिला प्रतियोगिता
आप सभी का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करती है ।
राजनांदगांव सेक्टर
बलौदाबाजार सेक्टर







G.D.






न करती है ।
देवेन्द्र नगर रायपुर
महाविद्यालय का गौरव

# शा.कला एवं वाणिज्य कन्या महाविद्यालय

देवेन्द्र नगर,रायपुर (छ.ग.)

## प्रमाण पत्र

# वार्षिकोत्सव "सार्थक" 2018-19

सुश्री ---------------- समता तलरेजा बी.कॉम तृतीय वर्ष ----------------को

वार्षिकोत्सव 2018-19 के अन्तर्गत आयोजित------ वेस्ट टू बेस्ट ----------------प्रतियोगिता

में प्रथम स्थान / द्वितीय स्थान / तृतीय स्थान / सांत्वना / सहभागिता के निमित्त यह प्रमाण पत्र प्रदान

किया जाता है।

15.1.19

| | | | |
|---|---|---|---|
| डा.प्रकाश सिंह ठाकुर | डा.(श्रीमती)रंजना तिवारी | डा.(श्रीमती)कल्पना झा | डॉ.(श्रीमती) संध्या वर्मा |
| क्रीडा प्रभारी | छात्रसंघ प्रभारी | सांस्कृतिक प्रभारी | प्रभारी प्राचार्य |

Scanned with CamScanner

Expt.No./ Name: सांस्कृतिक मार्च 24 2018

Date



रायपुर, । देवेंद्र नगर स्थित शासकीय कला एवं वाणिज्य कन्या महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव सार्थक–2018 का गुरुवार को शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. संध्या वर्मा ने महाविद्यालय की यात्रा एवं उपलब्धियों का वर्णन किया। वार्षिक उत्सव के तहत गुरुवार को व्यंजन प्रतियोगिता, मेहंदी, ग्रीटिंग, सूपा–पर्री सजाओ, वेस्ट टू बेस्ट जैसी स्पर्धा आयोजित की गई।

दैनिक भास्कर 21/12/18

नवभारत

# वेस्ट टू बेस्ट और व्यंजन प्रतियोगिता में दिखाया हुनर

■ नवभारत रिपोर्टर। रायपुर.

देवेन्द्र नगर स्थित शासकीय कला एवं वाणिज्य कन्या महाविद्यालय में गुरुवार से वार्षिकोत्सव सार्थक 2018 का शुभारंभ हुआ. इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. संध्या वर्मा ने अपने उद्बोधन में महाविद्यालय की अब तक की उपलब्धियों का वर्णन किया. पहले दिन मेहंदी, सूपा-पर्री सजावट, ग्रीटिंग मेकिंग, व्यंजन मीठा, व्यंजन नमकीन, वेस्ट टू बेस्ट जैसी कई प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया.

मेहंदी व ग्रीटिंग प्रतियोगिता- छात्राओं ने दूल्हा-दुल्हन, डोली, अरेबियन, मारवाड़ी मेहंदी प्रस्तुत की. ग्रीटिंग मेकिंग प्रतियोगिता में लगभग 50 छात्राओं ने हिस्सा लिया. इनमें आकर्षण का केंद्र फेसबुक की तर्ज पर बनाया गया ग्रीटिंग था. जिसमें प्रिंसिपल व टीचर्स के फोटो लगाए गए. घास व पत्तों से बनाकर ग्रीटिंग से पर्यावरण बचाव का संदेश दिया.

**वेस्ट टू बेस्ट-** छात्राओं ने पुराने पेपर से लैंप, घड़ी एवं फेंगशुई एवं पुरानी सीडी से गणेश जी एवं आइसक्रीम की चम्मच से पेन स्टैंड, बांस की तीलियों से लैंप बनाकर प्रस्तुत किया.

**ये रहीं विजेता**

**मेहंदी- प्रथम शगुफ्ता, द्वितीय नेमा जंघेल, तृतीय साक्षी वर्मा**
**सूपा-पर्री सजावट- प्रथम माधुरी साहू, द्वितीय प्रतिभा भोई, तृतीय शगुफ्ता नूरी**
**ग्रीटिंग मेकिंग- प्रथम रेनू सिरदार व दुर्गा जंघेल, द्वितीय समता तलरेजा, तृतीय रेणुका वर्मा**
**व्यंजन मीठा- प्रथम नूतन साहू, द्वितीय मनाली पटेल**
**व्यंजन नमकीन- प्रथम सपना अमरानी, द्वितीय त्रिशला सेन**
**वेस्ट टू बेस्ट- प्रथम त्रिवेणी यादव, द्वितीय समता तलरेजा, तृतीय पूनम यादव.**

हरिभूमि 21/12

# वुलन बॉल्स से सजाया सूपा अरेबियन थीम पर बनाई मेहंदी



रायपुर | देवेंद्र नगर स्थित गवर्नमेंट आर्ट एंड कॉमर्स गर्ल्स कॉलेज में गुरुवार को कल्चरल प्रोग्राम रखा गया। पहले दिन ग्रीटिंग कार्ड मेकिंग, मेहंदी, सूपा डेकोरेशन, वेस्ट टू बेस्ट और कुकिंग कॉम्पिटीशन हुए। स्टूडेंट्स ने कलरफुल पेपर, ग्लिटर, रिबन की मदद से न्यू ईयर और मैरी क्रिसमस विश करने वाले ग्रीटिंग कार्ड्स बनाए। मेहंदी कॉम्पिटीशन में किसी ने अरेबियन स्टाइल तो किसी ने ट्रेडिशनल स्टाइल की मेहंदी बनाई। कुकिंग में स्टूडेंट्स ने छत्तीसगढ़ी डिश बनाईं। सूपा डेकोरेशन में वुलन बॉल, थर्माकोल, गोल्डन बेल से सूपे को डेकोरेट किया। मेहंदी में शगुफ्ता विनर रहीं। सूपा डेकोरेशन में माधुरी साहू, ग्रीटिंग कार्ड मेकिंग में रेनू सिरदार, कुकिंग में नूतन-सपना अमरानी और वेस्ट टू बेस्ट में त्रिवेणी यादव विनर रहीं।

Teacher's Signature

Scanned with CamScanner

सांस्कृतिक कार्यक्रम 2018-2019




छत्तीसगढ़ 22-12-18

# नृत्य, संगीत प्रतियोगिता में छात्राओं ने रंग जमाया

छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर**, 21 दिसंबर। शा. कला एवं वाणिज्य कन्या महाविद्यालय देवेंद्र नगर में वार्षिकोत्सव सार्थक के तहत शुक्रवार को एकल गायन नृत्य एवं समूह नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

गायन स्पर्धा में दीक्षा पांडेय ने छोड़ दे सारी दुनिया, अनुराधा ने यार तेरी यारी को जैसे गीत से तालियां बटोरी। एकल नृत्य में साक्षी, फिजा खातून, नितिका, त्रिवेणी यादव और भारती सेन ने मनोहारी नृत्य की प्रस्तुति दी। समूह नृत्य में भूमिका ग्रुप, नूतन ग्रुप सहित अन्य ग्रुप की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

गायन स्पर्धा में दीक्षा पांडेय प्रथम, विपाशा दास द्वितीय तथा भारती सेन तृतीय रही। एकल नृत्य में फिजा खातून प्रथम, तृप्ती यादव द्वितीय तथा साक्षी वर्मा तृतीय रही। समूह नृत्य में भूमिका ग्रुप प्रथम, चांदनी ग्रुप द्वितीय एवं विपाशा ग्रुप तृतीय रहा। बतौर निर्णायक प्राचार्य डॉ. संध्या वर्मा, डॉ. रवि शर्मा, डॉ. शीला दुबे तथा मिनी गुप्ता की सहभागिता रही।

Scanned with CamScanner

सांस्कृतिक कार्यक्रम 2018 - 2019

नवभारत राजधानी 21-12-18



# बॉलीवुड के सदाबहार नगमों के साथ नृत्य की प्रस्तुति

## शासकीय कला एवं वाणिज्य कन्या महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव

■ नवभारत रिपोर्टर। रायपुर.

देवेन्द्र नगर स्थित शासकीय कला एवं वाणिज्य कन्या महाविद्यालय में गुरुवार को वार्षिकोत्सव सार्थक 2018 का शुभारंभ हुआ. वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को एकल गायन, एकल नृत्य, समूह नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें छात्राओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी.

**गायन प्रतियोगिता-** गायन में दीक्षा पाण्डेय ने- छोड़ दे सारी दुनिया..., अनुराधा ने- यारा तेरी यारी को..., फायका खान ने- लग जा गले..., तारणी ने- मुस्कुराने की वजह... व बिपाशा ने- नैनो वाली ने कैसा जादू किया... गीत प्रस्तुत किए.

**एकल नृत्य-** लैला में लैला...पर साक्षी, फिजा खातुन ने छन-छन, मैं नाचुं आज छन-छन...पर, नितिका ने सेमी डांस प्रस्तुत किया. यहां पर उड़िया नृत्य की झलक भी देखने को मिली, जिसमें भावना पटेल ने नृत्य प्रस्तुत किया.

**समूह नृत्य-** छत्तीसगढ़ी संस्कृति दिखाते हुए भूमिका एण्ड ग्रुप ने राउत नाचा प्रस्तुत किया.

**ये रहे विजेता**

**गायन-** प्रथम- दीक्षा पाण्डेय, द्वितीय विपाशा दास, तृतीय भारती सेन.
**एकल नृत्य-** प्रथम फिज़ा खातुन, द्वितीय तृप्ति यादव, तृतीय साक्षी वर्मा.
**समूह नृत्य-** प्रथम भूमिका ग्रुप, द्वितीय चांदनी ग्रुप, तृतीय विपाशा ग्रुप.

Scanned with CamScanner